पत्र सं0-विधि-4(1)-पंजीयन/(2013-2014) / 936/ 1314048 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर
(विधि-अनुभाग )
उत्तर प्रदेश
लखनऊ:: दिनांक :20 सितम्बर,2013

**समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर**
**समस्त ज्वाइंट कमिश्नर ( कार्यपालक )**
**वाणिज्य कर , उत्तर प्रदेश**

**विषय : व्यापारियों को "द्वार पर पंजीयन "( Doorstep Registration) की सुविधा प्रदान किए जाने के संबंध में ।**

वैट कर प्रणाली की सफलता के लिए आवश्यक है कि टैक्स बेस का विस्तार हो । यह तभी संभव है जबकि अधिक से अधिक करदाता विभाग में पंजीकृत हों ताकि मूल्य संवर्धित कर व्यवस्था का उन्हें पर्याप्त लाभ मिले । इसके लिए आवश्यक है कि विभागीय प्रक्रिया को सरलीकृत किया जाए तथा करदाताओं को **"द्वार पर पंजीयन "( Doorstep Registration)** की सुविधा उपलब्ध करायी जाए । इसके लिए करदाताओं के लिए **"ई-पंजीयन "** की व्यवस्था आन लाइन आरम्भ की जा रही है , जिसके संबंध में निम्न निर्देश निर्गत किए जाते हैं -

1- व्यापारी विभागीय वेबसाइट पर जाकर आन लाइन पंजीयन हेतु फार्म-VII भरेंगे । उन्हें इसके साथ मुख्यालय के परिपत्र सं0 1213055 दिनांक 4-10-2012 तथा इसके संशोधन हेतु जारी परिपत्र सं0 1213058 दिनांक 12-10-2012 तथा परिपत्र सं0 1213065 दिनांक 9-11-2012 द्वारा अवधारित प्रपत्र प्रास्थिति सहित स्कैन करके अपने प्रार्थना पत्र के साथ आन लाइन संलग्न करने होंगे । यह कार्य वह स्वयं अपने कम्प्यूटर से , सी.एस.सी. से अथवा किसी प्राइवेट कम्प्यूटर सेन्टर से कर सकते हैं । इसके लिए वाणिज्य कर कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी ।

2- इस परिपत्र में संदर्भित पूर्व में निर्गत समस्त परिपत्र विभागीय वेबसाइट comtax.up.nic.in पर उपलब्ध हैं ।

3- आन लाइन पंजीयन हेतु आवेदन करने वाले व्यापारियों को रु0 25,000/- की जमानत से संबंधित जमानतनामा भी अपने प्रार्थना पत्र के साथ स्कैन करके संलग्नक के रूप में देना होगा । जमानतनामा किस प्रकार का होगा , यह निर्देश मुख्यालय के परिपत्र सं0 1213055 दिनांक 4-10-2012 द्वारा पूर्व में ही निर्गत हैं ।

4- जैसे ही यह पूर्ण रूप से भरा हुआ फार्म-VII अपेक्षित संलग्नकों के साथ विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा , विभागीय सर्वर पर इनकी प्राप्ति से ही संबंधित व्यापारी द्वारा पंजीयन हेतु आवेदन पूर्ण माना जाएगा । यदि आन लाइन प्रस्तुत पंजीयन प्रार्थना पत्र के भरकर अपलोड करने में किन्हीं प्रविष्टियों के संबंध में अथवा संबंधित अनुलग्नकों के संबंध में कोई त्रुटि/अपूर्णता / विसंगति प्रकाश में आती है तो पंजीयन अधिकारी उसे आन लाइन ही संबंधित व्यापारी को उसके द्वारा संसूचित ई-मेल आई डी पर इन्हें संसूचित करेगा । जब भी संबंधित व्यापारी द्वारा इन कमियों को दूर करते हुए संसूचनायें / प्रपत्र आन लाइन प्रस्तुत कर दिए जाते हैं , उसी तिथि को ऐसा पंजीयन प्रार्थना पत्र आन लाइन प्राप्त होना माना जाएगा ।

5- संवेदनशील वस्तुओं को छोड़कर अन्य सभी वस्तुओं का व्यापार करने वाले व्यापारियों के लिए इन अपेक्षित प्रपत्रों की आन लाइन प्राप्ति के तत्काल बाद व्यापारी को टिन ( Tax Payer's Identification Number ) आन लाइन ही जारी किया जाएगा तथा संवेदनशील वस्तुओं का व्यापार करने वाले व्यापारियों को यह टिन उनकी पंजीयन जाँच के उपरान्त जारी कर दिया जाएगा । यह पंजीयन जाँच सामान्यतया ऐसे प्रपत्रों के प्रस्तुतीकरण के 15 दिन के अन्दर निष्पादित की जाएगी ।

6- पंजीयन प्रार्थना पत्र की वांछित प्रपत्रों की आन लाइन प्राप्ति के बाद पंजीयन अधिकारी द्वारा व्यापारी द्वारा दिए गए मोबाइल नम्बर पर वार्ता कर जाँच सर्वेक्षण की तिथि नियत कर दी जायगी यह संसूचित तिथि उक्तानुसार आन लाइन प्रपत्रों की प्राप्ति के 15 दिन के अन्तर्गत होगी । इस विनिश्चित तिथि को व्यापारी को पंजीयन जाँच करानी होगी । पंजीयन

जाच हेतु जाँच अधिकारी अपने साथ व्यापारी द्वारा आन लाइन प्रस्तुत किए गए पंजीयन प्रार्थना पत्र एवं संलग्नक के रूप में प्रस्तुत सभी स्कैन्ड प्रमाण पत्रों /प्रपत्रों का प्रिंट लेकर जायेंगे ।

7- पंजीयन जाँच के बिन्दु भी परिपत्र सं0-1213055 दिनांक 4-10-2012 के साथ संसूचित हैं तथा इसी संसूचित पंजीयन जाँच की तिथि को व्यापारी को उपर्युक्त वर्णित जमानत नामा भी मूल रूप में जाँच अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा । जाँच अधिकारी इस जाँच के समय व्यापारी द्वारा प्रस्तुत आन लाइन पंजीयन प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न प्रमाण पत्र / प्रपत्र का सत्यापन इनसे संबंधित मूल प्रतियों से करेगा जिन्हे संबंधित व्यापारी को जाँच के समय जाँच अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

8- जाँच अधिकारी सभी प्रमाण पत्रों / प्रपत्रों का उक्तानुसार सत्यापन करने के बाद इन प्रमाण पत्रों / प्रपत्रों की स्कैन्ड प्रतियों को अपने नाम , पदनाम , दिनांक एवं हस्ताक्षर के साथ अटैस्ट करके , जाँच सर्वेक्षण की प्रति से साथ संबंधित व्यापारी की पत्रावली पर रखेगा । साथ ही अपने लाग इन से विभागीय वेबसाइट पर जाकर यह टिप्पणीं संबंधित व्यापारी के संबंध में अंकित करेगा कि प्रश्नगत व्यापारी की पंजीयन जाँच अमुक दिनांक को निष्पादित की गयी है तथा पंजीयन जाँच के बाद संबंधित व्यापारी पंजीयन योग्य पाया गया है अथवा नहीं । यदि व्यापारी पंजीयन योग्य नहीं पाया जाता है तो ऐसे कारणों का सांक्षिप्त उल्लेख भी अंकित करेगा ।

9- बायोमैट्रिक का कार्य प्रश्नगत व्यापारी द्वारा इसके बाद किसी कार्यदिवस पर अधिकतम एक माह के अन्तर्गत संबंधित वाणिज्य कर कार्यालय में जाकर किया जाएगा ।

10- पंजीयन जाँच का कार्य खण्डों में कार्यरत असिस्टेंट कमिश्नर तथा वाणिज्य कर अधिकारी द्वारा किया जाएगा । असिस्टेंट कमिश्नर द्वारा संवेदनशील वस्तुओं का व्यापार करने वाले व्यापारियों से संबंधित पंजीयन जाँच का कार्य तथा वाणिज्य कर अधिकारी द्वारा संवेदनशील वस्तुओं से पृथक वस्तुओं का व्यापार करने वाले व्यापारियों से संबंधित पंजीयन जाँच का कार्य निष्पादित किया जाएगा ।

11- यदि उपरोक्त पंजीयन जाँच के समय जाँच अधिकारी को कोई त्रुटि / अनियमितता प्रकाश में आती है तो इसका उल्लेख अपनी जाँच टिप्पणीं में उसके द्वारा किया जाएगा तथा यदि यह त्रुटि / अनियमितता प्रक्रिया संबंधी है तो इसे दूर करने के लिए पंजीयन अधिकारी पंजीयन जाँच के ही समय इन त्रुटियों को लिखित रूप में सूचित करते हुए ,ऐसे व्यापारी को इन्हें दूर करने के लिए एक सप्ताह का समय देगा तथा दी गई इस सूचना की एक प्रति व्यापारी की पत्रावली पर भी रखी जाएगी । यदि यह त्रुटि / अनियमितता इस अवधि में दूर नहीं की जाती है तो पंजीयन अधिकारी द्वारा संबंधित व्यापारी को उपरोक्तानुसार जारी पंजीयन निलम्बित करते हुए इसके निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी ।

12- उपरोक्त पंजीयन जाँच के समय यदि उ0प्र0 वैट अधिनियम, 2008 की धारा 17(11) में वर्णित कोई तथ्य स्पष्ट होते हैं तो इसकी टिप्पणीं करते हुए जाँच अधिकारी , ज्वाइंट कमिश्नर ( कार्यपालक ) को संबंधित तथ्य संसूचित करेगा तथा उनसे अनुमोदन प्राप्त करने के बाद पंजीयन निरस्त किए जाने की कार्यवाही तत्काल नियमानुसार निष्पादित की जाएगी ।

13- पूर्व निर्गत परिपत्रों द्वारा पंजीयन के संबंध में जारी निर्देश आन लाइन पंजीयन की प्रक्रिया के लिए उपरोक्त सीमा तक संशोधित समझे जायें ।

14- ई-पंजीयन की उपर्युक्त व्यवस्था दिनांक 2 अक्टूबर , 2013 से आरम्भ होगी ।

उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए ।

**( मृत्युंजय कुमार नारायण )**
**कमिश्नर वाणिज्य कर**
**उत्तर प्रदेश**

**पृ0प0सं0एवं दिनॉक उक्त ।**

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

(1) माननीय अध्यक्ष,उ0प्र0 राज्य वाणिज्य कर सलाहकार समिति, उ0प्र0 शासन ,लखनऊ ।

(2)प्रमुख सचिव, वाणिज्य कर एवं मनोरंजन कर विभाग,उत्तर प्रदेश शासन सचिवालय,लखनऊ।

(3) निदेशक, राजस्व व विशिष्ट अभिसूचना ,उत्तर प्रदेश शासन,सचिवालय,लखनऊ।

